बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Corporate Communications & Investor Relations
Head Office: LOKMANGAL, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
TELE -020 :25614495, 25614366, 25514501 to 12 Extn. 487

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा मुंबई क्षेत्र में वित्तीय समावेशन ड्राइव के रूप में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग' के लिए" मीट एंड ग्रीट "स्ट्रीट अभियान

मुंबई, 30 **मई**, 2023: बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक ने 27 एवं 28 मई, **2023** को वित्तीय समावेशन ड्राइव के रूप में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **(**ईडब्ल्यूएस (के लिए" मीट एंड ग्रीट "स्ट्रीट अभियान का आयोजन किया। बैंक द्वारा आयोजित आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक के वित्तीय समावेशन मिशन के संवर्धन के लिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें बढ़ावा देना है। ईडब्ल्यूएस के लिए वित्तीय समावेशन आउटरीच कैंप विभिन्न स्थानों यथा मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, नवी मुंबई, ठाणे और विभिन्न क्लस्टर्स में आयोजित किए गए। वित्तीय समावेशन अभियान को नागरिकों से जबरदस्त प्रतिसाद मिला।

श्री मनोज करे, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रबंधक, मुंबई दक्षिण अंचल; श्री प्रदीप मिश्रा, अंचल प्रबंधक, मुंबई उत्तर अंचल और श्री रंजीत राजकिशोर, अंचल प्रबंधक, ठाणे अंचल अपनी टीमों के साथ कैम्प स्थलों पर उपस्थित थे।

वित्तीय समावेशन आउटरीच कैम्प स्थलों पर सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न कार्यक्रमों यथा - पीएमएमवाई, पीएमस्वनिधि, पीएमजेडीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, स्टैंड अप इंडिया, विभिन्न एसएचजी संबंधित योजनाएं, डिजिटल प्रोडक्ट आदि का संवर्धन किया गया और मौके पर ही गरीब और जरूरतमंद लाभार्थियों को मंजूरी प्रदान की गई। वर्तमान में जारी 'जनसुरक्षा सैचुरेशन अभियान' के संदर्भ में पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई और एपीवाई योजनाओं के अंतर्गत कवरेज हेतु कवर न किए गए पात्र वयस्क व्यक्तियों को लक्ष्य करने में इन वित्तीय समावेशन आउटरीच कैम्पों का बेहद महत्व है।
श्री ए .बी .विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा कि "बैंक ऑफ महाराष्ट्र नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत सरकार की योजनाओं को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है और हम अपने देश के नागरिकों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के उद्देश्य से इस तरह के अभियान आयोजित करना जारी रखेंगे। श्री विजयकुमार ने आगे कहा कि, "ऋण विस्तार विकास और समृद्धि का एक महत्वपूर्ण घटक है। देश में वित्तीय समावेशन के अंतर को दूर करने के अपार अवसर हैं और बैंक ऑफ महाराष्ट्र इस हेतु प्रतिबद्ध है।"

श्री ए .बी .विजयकुमार ने बैंक के मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर, नवी मुंबई और ठाणे क्षेत्रों के स्टाफ की सराहना की, जिन्होंने पूरे उत्साह से एक शानदार और व्यापक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आयोजित किया। इस ड्राइव के माध्यम से बैंक ने लगभग 4000 नागरिकों को पीएमएसबीवाई योजना के तहत और लगभग 2200 नागरिकों को पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत कवर किया।
ग्राहकों, जन प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, एनजीओ, स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों और बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित हितधारकों ने स्वेच्छा से राष्ट्रनिर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।